जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

23 जनवरी, 2025

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया में 76वां गणतंत्र दिवस समारोह

जामिया मिल्लिया इस्लामिया दिनांक 26 जनवरी, 2025 को 76वां गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित करेगा जो प्रातः 10.00 बजे शुरू होगा। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के डॉ. एम.ए. अंसारी ऑडिटोरियम के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा ।

इस समारोह के मुख्य अतिथि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के महानिदेशक (डीजी) वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्री फैज अहमद किदवई होंगे।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलपति प्रो मजहर आसिफ द्वारा राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया जाएगा जिसके उपरांत राष्ट्रगान गाया जाएगा और उपस्थित लोगों को माननीय कुलपति संबोधित करेंगे । इस अवसर पर छात्र-पुस्तिका भी जारी की जाएगी तथा जामिया मिल्लिया इस्लामिया के विद्यालयों एवं विश्वविद्यालय के छात्र सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के सुरक्षा कर्मियों के साथ एनसीसी कैडेट विश्वविद्यालय के डॉ. एम.ए. अंसारी ऑडिटोरियम के प्रांगण में परेड करेंगे।

मीडियाकर्मियों को कार्यक्रम में शामिल होने एवं कार्यक्रम के कवरेज के लिए सादर आमंत्रित किया जाता है।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया